सांध्य दैनिक

# 4PM

हर मित्रता के पीछे कोई न कोई स्वार्थ होता है। ऐसी कोई मित्रता नहीं, जिसमें स्वार्थ न हो। यह कड़वा सच है।
-चाणक्य

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्ष: 9 ● अंक: 197 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, बुधवार, 23 अगस्त, 2023







ऐतिहासिक चाल चलने के करीब... 7 | सामाजिक न्याय के सहारे कुर्सी... 3 | भाजपा का घमंड सपा करेगी... 2




# चांद छूने को पूरा देश बेताब

## चंद्रयान-3 आज करेगा लैंडिंग

- सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक में उत्साह
- मिशन के सफल होने के लिए लोगों ने की पूजा अर्चना
- मस्जिदों व गुरुद्वारों में भी मांगी गई दुआएं
- 140 करोड़ ने दी वैज्ञानिकों को बधाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। बात जब देश के आन-बान-शान की होती है तो पूरा भारत एक हो जाता है। मंदिरों में पूजा, मस्जिदों में नमाज व गुरुद्वारों में शबद हो रहे हैं। क्या आम क्या खास, क्या सत्ता पक्ष, क्या विपक्ष आज देश का बच्चा-बच्चा चंद्रयान मिशन-3 की कामयाबी के लिए प्रार्थना कर रहा है। सरकार से लेकर विपक्ष के नेता भारतीय वैज्ञानिकों की तारीफ कर रहे हैं। आज सियासत से परे हटकर सभी लोग चद्रयान के चांद की जमीन पर उतरने की कामना कर रहे हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने चंद्रयान-3 मिशन पर बात की। उन्होंने कहा कि हमारा चंद्रयान चंद्रमा पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की छाप छोड़ेगा। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा, कि जहां तक चंद्रयान 3 का सवाल है तो यह भारत के लिए क्षणों का क्षण है। हम कहते थे कि आकाश ही सीमा है, लेकिन भारत ने साबित कर दिया है कि बाहरी अंतरिक्ष में आकाश ही वह सीमा नहीं है. हम ऐसा करने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले वैज्ञानिकों को बधाई देते हैं। यह हजारों मील की यात्रा की शुरुआत है। हमारे वैज्ञानिकों ने अपना और देश का गौरव बढ़ाया है यह हमारे लिए गौरव का क्षण है। चंद्रयान की कामयाबी के लिए देशभर में प्रार्थनाओं का दौर जारी है। योग गुरु रामदेव ने भी चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए हरिद्वार में पूजा की। वहीं नेहरू विज्ञान केंद्र के निदेशक प्रमोद ग्रोवर ने कहा, भारत इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहा था। सभी की निगाहें इस पर टिकी हुई हैं। नेहरू विज्ञान केंद्र ने बड़ी तैयारी की है। हम चंद्रमा का 3डी मॉडल दिखाएंगे। यह एक ऐसी सुविधा है जहां लोग लाइव डेटा भी देख सकते हैं। हम चंद्रमा और पहले की चंद्र परियोजनाओं की कुछ तस्वीरें दिखाएंगे।

### तय समय पर होगी लैंडिंग : इसरो

इसरो ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि ऑटोमेटिक लैंडिंग सिस्टम शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शाम करीब 17: 44 बजे निर्धारित प्वाइंट पर लैंडर मॉड्यूल (एलएम) के पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। लाइव टेलीकास्ट 17:20 से शुरू होगा।

### वैज्ञानिकों के साथ-साथ सभी लोगों को सलाम : हरीश रावत



चंद्रयान-3 मिशन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा, यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं वैज्ञानिकों को एडवांस में बधाई देना चाहता हूं। सरकार को बधाई देता हूं। हम चाहते हैं कि चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक लैंड करे और उसका उद्देश्य सफल हो। इस मौके पर मैं उन सभी को भी प्रणाम करना चाहूंगा जिन्होंने इसका सपना देखा था। जब हमारा देश गरीब था, सुई भी नहीं बनती थी उस समय अंतरिक्ष पर जाने की कामना की थी, इस मिशन में योगदान देने वाले वैज्ञानिकों के साथ-साथ सभी लोगों को सलाम।

### पूरी उम्मीद है चंद्रयान की यात्रा सफल होगी : अब्दुल्ला



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा, हम भी पूरे देश और दुनिया के साथ इंतजार कर रहे है उस समय का जब चंद्रयान लैंड करेगा। उम्मीद लगाए बैठे हैं कि चंद्रयान की यात्रा सफल होगी और चांद से फोटो-वीडियो आएंगे। अगर यह यात्रा कामयाब होगी जैसा हम उम्मीद लगाए बैठे हैं यह दुनिया में पहली बार होगा कि किसी देश ने यह काम किया है।

### इसरो के कमांड सेंटर की तस्वीरें जारी

चंद्रयान-3 मिशन को लेकर इसरो ने अपने कमांड सेंटर की दो तस्वीरें जारी की हैं। एक्स पर किए गए पोस्ट में इसरो ने बताया कि लैंडर मॉड्यूल की लैंडिंग की प्रक्रिया 17.44 पर शुरू हो जाएगी। सेंटर से कमांड मिलने के बाद लैंडर मॉड्यूल अपने इंजनों को शुरू करेगा और मिशन ऑपरेशन टीम लगातार इसे कमांड भेजेगा। इस पूरी प्रक्रिया का लाइव टेलीकास्ट शाम 5 बजकर 20 मिनट से शुरू हो जाएगा।

# छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के करीबियों पर ईडी का छापा

- भूपेश बघेल ने मोदी और शाह को कहा थैंक्यू

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को रायपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के साथ-साथ राज्य के अन्य अधिकारियों के आवासीय परिसरों पर छापेमारी की। व्यंग्यात्मक जवाब में, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उनके जन्मदिन पर मिले अमूल्य के लिए धन्यवाद, व्यक्त करते हुए जवाब दिया।

बघेल के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) के परिसरों पर भी छापेमारी की। दुर्ग में एक व्यवसायी के परिसरों पर भी तलाशी ली गई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर एक पोस्ट में प्रिय प्रधान मंत्री और अमित शाह को संबोधित किया और कहा, मेरे जन्मदिन के दिन आज आपने मेरे राजनीतिक सलाहकार एवं मेरे ओएसडी सहित करीबियों के यहाँ इडी भेजकर जो अमूल्य तोहफा दिया है।

# आजम खां को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

- भड़काऊ भाषण मामले में आया फैसला, निचली अदालत के सैंपल लेने के आदेश पर अंतरिम रोक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। 2007 में रामपुर में समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी का मामले में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां को राहत मिली है। कोर्ट ने इस मामले में वायस सैंपल देने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाई है। आजम खां की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है।

आजम खां के खिलाफ 2007 में रामपुर में समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिस मामले में निचली अदालत ने आजम खां को वॉयस सैम्पल देने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट से भी आजम खान को राहत नहीं मिली थी।

### बसपा प्रमुख पर टिप्पणी का लगा था आरोप

धीरज कुमार शील नाम के एक व्यक्ति ने 2007 में आजम के खिलाफ टांडा पुलिस थाने में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण)अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। शील ने सपा नेता पर नफरत भरा भाषण देने और बसपा अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। रामपुर में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 171-जी (चुनाव के संबंध में गलत बयान देना) के तहत मामला दर्ज किया गया था. पुलिस ने आजम के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की प्रासंगिक धाराएं भी लगाई थीं।

# भाजपा का घमंड सपा करेगी चकनाचूर : अखिलेश

» सपा प्रमुख ने कहा- बीजेपी को सत्ता से बाहर करके ही लेंगे दम

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा को सत्ता से बाहर करने की ठानी है। सपा के अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी को सत्ता से बाहर करके ही समाजवादी पार्टी दम लेगी। इस बार भाजपा की कोई साजिश कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने समाज को बांटने का काम किया है। भाजपा कायरों की जमात है। अब सपा की ताकत के सामने भाजपा का घमंड चकनाचूर हो जाएगा। समाजवादी पार्टी, इंडिया गठबंधन और पीडीए मिलकर भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने में कामयाब होगी।

उन्होंने कहा वर्ष 2022 में साजिश करके भाजपा ने समाजवादी पार्टी की सरकार नहीं बनने दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा के सफाया करने का जिम्मेदारी सपा निभाएगी। अखिलेश यादव समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय और राज्य कार्यकारिणी की बैठक में अपने विचार रख रहे थे।



अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. इकबाल कादरी ने कहा कि मुल्क के हालात बद-से-बदतर होते जा रहे हैं। भाजपा के कारण संविधान को खतरा पैदा हो गया है। भाजपा ने अर्थव्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था को बर्बाद करने के साथ नौजवानों के जीवन में अंधकार ला दिया है। अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने कहा कि बुनकरों-दस्तकारों और गरीबों की हिमायत सिर्फ समाजवादी पार्टी करती है।

## सपा में बने 16 प्रदेश सचिव

समाजवादी पार्टी का प्रदेश सचिव केके श्रीवास्तव को बनाया गया है। वह सपा मुख्यालय में निर्वाचन संबंधी कार्य देखते हैं। उनके अलावा राज्य कार्यकारिणी में 16 अन्य सचिवों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कर दी है। लखनऊ से दिनेश सिंह, बनारस से आनंद सिंह, बाराबंकी से सरताज चौधरी और सहजराम वर्मा, बरेली से शुभलेश यादव, प्रयागराज से केके श्रीवास्तव, देवरिया से राजेन्द्र कुमार मौर्य और विजय कुमार यादव, शाहजहांपुर से नीरज मौर्य, गाजीपुर से चंद्रिका यादव, प्रयागराज से नरेन्द्र सिंह मेजा, जौनपुर से विवेक रंजन यादव, मेरठ से हरिभूषण खटिक, वाराणसी से सुबाष राजभर, मुरादाबाद से फिरासत हुसैन गामा, जौनपुर से राजेश विश्वकर्मा, मऊ से जयप्रकाश यादव को जगह दी गई है।

## राजूदास की अमर्यादित टिप्पणी पर दी गई तहरीर, संतों ने की निंदा

सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को लेकर हनुमानगढ़ी के पुजारी राजूदास द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर सपा नेताओं में आक्रोश व्याप्त है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद, विधायक अभय सिंह, पूर्व मंत्रीगण तेज नारायन पांडेय पवन, आनंदसेन यादव, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल एसएसपी कार्यालय पहुंचा व संत के ऊपर मुकदमा दर्ज कार्रवाई करने की मांग की। सपा जिलाध्यक्ष द्वारा एसएसपी को दी गई तहरीर में बताया गया कि सोमवार को सोशल मीडिया के पेज पर राजूदास द्वारा स्वयं की एक वीडियो अपलोड की गई। जिसमें उन्होंने सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य को जूता मारने वाले को साधुवाद करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के विषय में अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा है कि आने वाले समय में अखिलेश यादव भी जूते से पीटे जाएंगे। कहा कि इससे सपा के अयोध्या सहित पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उक्त बयान सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने और जातीय भेदभाव को बढ़ाने वाला है। उक्त वीडियो अनेकों यू-ट्यूब चैनल और अन्य चैनल्स पर प्रकाशित हुआ।

# मोदी देश के पीएम गलत शब्दों का प्रयोग न करें : रामगोपाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



वृंदावन-मथुरा। सपा के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सदस्य प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कहा कि देश में हर दिन गरीबों की संख्या बढ़ रही है। एक करोड़ करदाताओं की संख्या घटी है। उन्होंने कहा कि देश के हालात गंभीर है। केंद्र सरकार संविधान को बदलने की कोशिश में है, इसे बचाना जरूरी है। प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा कि देश में प्रचार ऐसे हो रहा है, जैसे फिर भारत सोने की चिड़िया बन गया। बीजेपी से जुड़े लोग अधिकारियों संग मारपीट करते हैं। लूट, डकैती, बलात्कार, हत्या के मामले हर दिन सामने आ रहे हैं।

लखनऊ में भी महिलाएं रात में अकेले नहीं निकल प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकर्ताओं से सदस्यता शुल्क जमा करने की अपील करते हुए कहा, पार्टी सदस्यता में रिस्क कवर होता है। जैसे बीमा कंपनी करती है, तो पार्टी आपका हाल-चाल लेती है। आपके दुख-सुख में शामिल होते हैं। उपचार में मदद करते हैं। अगर किसी परिवार में मृत्यु हो तो भरण पोषण की मदद पार्टी करती है। मुलायम कहते थे चंदा मांगो, कार्यकर्ताओं की मदद करेंगे, पार्टी भी चलाएंगे। कार्यकर्ताओं के पैसे से संगठन चलाते हैं। समाजवादी आंदोलन में आप ताकत दो।

# ममता बंगाल में करवाती हैं कार्यकर्ताओं की हत्याएं : कैलाश विजयवर्गीय

» दिल्ली पहुंचकर एक हो जाते हैं सब विपक्षी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रीवा। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा प्रहार करते हुए उन पर भाजपा व सीपीएम कार्यकर्ताओं की हत्याएं करवाने का आरोप लगाया। वन दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे विजयवर्गीय सेमरिया विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन में विजयवर्गीय ने कांग्रेस सहित अन्य दलों पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बंगाल नगर पालिका के चुनाव में 70 कार्यकर्ताओं की हत्या हुई थी, जिसमें कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता शामिल थे, लेकिन मोदी जी को हटाने के लिए



कांग्रेस और सीपीएम के कार्यकर्ता दिल्ली में आकर हाथ मिलाते हैं और साथ हो जाते हैं। कार्यक्रम में रीवा के सांसद जनार्दन मिश्रा, पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ल, सेमरिया विधायक केपी त्रिपाठी सहित हजारों की तादाद में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विजयवर्गीय ने एक तरफ जहां कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया वहीं, दूसरी ओर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला।

# मंत्री कैलाश गहलोत इस्तीफा दें: सचदेवा

» आज घेराव करेंगे भाजपाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। किशोरी से दुष्कर्म मामले को लेकर भाजपा दिल्ली सरकार पर हमलावर है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि बच्ची से दुष्कर्म करने वाले दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास के अधिकारी को मंत्री कैलाश गहलोत ने चुना था। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल का मौन रहना बताता है कि इस अधिकारी को उनका भी सानिध्य प्राप्त है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल नाटकीय तरीके से धरने पर बैठी हैं।

उन्हें केजरीवाल और गहलोत के आवास के बाहर धरने पर बैठना चाहिए। बुधवार को भाजपा के सभी मोर्चा गहलोत के घर का इस मुद्दे पर घेराव कर इस्तीफा मांगेंगे। मुख्यमंत्री सिर्फ यह कहकर नहीं बच



सकते कि अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। यह भी जांच होनी चाहिए कि केजरीवाल सरकार में पिछले सात या आठ सालों में ऐसे कितने मंत्रियों, विधायकों व अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें आई हैं। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि दिल्ली सरकार सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है।

उधर दिल्ली के बुराड़ी में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में तैनात उप-निदेशक प्रेमोदय खाखा (51) को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। प्रेमोदय की पत्नी सीमा रानी (50) को भी अदालत में पेश किया था।

## आप विधायक नरेश बालियान हुए फरार : प्रवेश वर्मा

सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की ऐसी करतूत सामने आ रही हैं जिससे दिल्ली शर्मसार है। कोई गैंगस्टर से संबंध रखता है तो कोई अधिकारी मासूम का दुष्कर्म कर रहा है। कोई घोटाला कर रहा है तो कोई पत्नी को कुत्तों से कटवा रहा है। एक दिन भी विधानसभा सत्र नहीं पहुंचने वाले विधायक नरेश बालियान फरार क्यों हो गए हैं। उन्हें शीशमहल में छुपाया गया है या फिर केजरीवाल के इशारे पर अधिकारी व विधायक सब मदद कर रहे हैं। उत्तम नगर ही नहीं पूरी दिल्ली की जनता चाहती है कि केजरीवाल विधायक नरेश बालियान को जनता के सामने लाएं। भाजपा मांग करती है कि केजरीवाल भाजपा के सवालों का जवाब दें नहीं तो भाजपा कार्यकर्ताओं का संघर्ष जारी रहेगा।

# दिल्लीवालों के खिलाफ हो रहा षड्यंत्र : केजरीवाल


» सीएम ने किया पांच मोहल्ला क्लीनिकों का शुभारंभ

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवान ने कहा है कि दिल्ली वालों के खिलाफ बडे-बड़े षड्यंत्र हो रहे हैं, लेकिन मैं हर दिल्लीवासी को ये भरोसा दिलाता हूं कि कोई काम रुकने नहीं दूंगा। सीएम अरविंद केजरीवाल बोले दिल्लीवालों को मोहल्ला क्लीनिक से बहुत फायदा मिल रहा है। एक साल में सभी मोहल्ला क्लीनिकों में दो करोड़ से ज्यादा लोगों ने इलाज कराया है। अच्छा इलाज मिलने से यहां अमीर लोग भी इलाज करा रहे हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केशोपुर सब्जी मंडी, शाहबाद डेरी, गोविंदपुरी और कालकाजी मार्केट में पांच मोहल्ला क्लीनिकों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अब मोहल्ला क्लीनिकों की संख्या बढ़कर 533 हो गई है। नए पांच मोहल्ला क्लीनिकों में से एक महिलाओं के लिए भी है। आने वाले दिनों में गाजीपुर मंडी, मुर्गा मंडी और ओखला मंडी में भी मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, विकास मंत्री गोपाल राय, विधायक जरनैल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। केजरीवाल ने केशोपुर सब्जी मंडी में बने मोहल्ला क्लीनिक का भ्रमण कर मरीजों से उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और डॉक्टरों से भी बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रेटर कैलाश सबसे अमीरों का इलाका है। आरडब्ल्यूए ने ग्रेटर कैलाश में मोहल्ला

**मुफ्त सुविधा मिलती रहेगी**



क्लीनिक खोलने की मांग की है। पहले हमने ग्रेटर कैलाश में एक मोहल्ला क्लीनिक बनाया। आज ग्रेटर कैलाश में 11 मोहल्ला क्लीनिक काम कर रहे हैं। बढ़े-बढ़े निजी अस्पतालों में इलाज कराने जाने वाले लोग अब सरकारी मोहल्ला क्लीनिक में आ रहे हैं। कुछ तो अच्छा होगा, तभी इतने अमीर अपना इलाज कराने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां घर के आसपास ही मुफ्त इलाज मिल जाता है। सारे टेस्ट और एक्सरे फ्री होते हैं। पिछले साल 2022-23 में 2,07,17,876 और 10,41,436 से ज्यादा टेस्ट हुए। इसी तरह, 2021-22 में 1.28 करोड़, 2020-21 में 1.50 करोड़ लोगों ने इलाज कराया।

## कोर्ट से सिसोदिया को विधायक फंड खर्च करने की इजाजत

अदालत ने पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को विधायक निधि से पैसा जारी करने की अनुमति दे दी है। उन्होंने कोर्ट में विधायक निधि से पैसा जारी करने को लेकर अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट के आदेश के बाद मनीष सिसोदिया अब पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करा सकेंगे। सिसोदिया आबकारी नीति घोटाला मामले में जेल में हैं। आप नेता के वकील ने अदालत को सूचित किया कि विधायक निधि से धन जारी करने के लिए पहले भी इसी तरह के आवेदन को मंजूरी दी गई थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने भी आवेदन पर आपत्ति नहीं जताई।



# सामाजिक न्याय के सहारे कुर्सी पर नजर

## कांग्रेस ने दिए संकेत, भाजपा को घेरने की तैयारी

» मप्र में जातिगत जनगणना बन सकता है मुद्दा
» कर्नाटक व बिहारी दांव से करेंगे जनता पर राज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। जैसे-जैसे मध्य प्रदेश में विधान सभा केचुनाव करीब आने की सुगबुगाहट हो रही है वहां की सियासत नए कलेवर में आती जा रही है। भाजपा, आप, बसपा से लेकर कांग्रेस तक वहां की सत्ता पर कब्जा करने की जुगत में लग गई है। अभी कुछ दिन पहले अरविंद केजरीवाल ने वहां का दौरा कर शिवराज सरकार को खूब कोसा। उसके बाद भाजपा के शीर्ष नेताओं ने राज्य का भ्रमण कर कांग्रेस को निशाने पर लिए रखा। अब बारी कांग्रेस की है अब देश की सबसे पुरानी पार्टी ने मध्यप्रदेश की बीजेपी सरकार की नीतियों पर करारा हमला किया।

साथ ही वहां के लोगों को लोकलुभावन वादों से अपनी ओर खींचने की कवायद शुरू कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पार्टी मध्य प्रदेश में जाति जनगणना कराएगी। वह एमपी के बुंदेलखंड क्षेत्र के सागर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा। मध्य प्रदेश में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिलेगी। दोनों दलों की ओर से जनता को अपने पक्ष में करने की कोशिश की जा रही है। इन सब के बीच कांग्रेस लगातार मध्यप्रदेश में कर्नाटक वाली दांव खेल रही है। साथ ही साथ मध्यप्रदेश में उसने जातिगत जनगणना का भी मुद्दा उठा दिया है।

## 61 सीटों पर ओबीसी का प्रभाव

मध्यप्रदेश की बात करें तो 61 सीटों पर चुनाव के दौरान ओबीसी काफी मायने रखते हैं। मध्यप्रदेश में पिछले 4 साल से ओबीसी आरक्षण को 14 फ़ीसदी से बढ़ाकर 27 फ़ीसदी किया गया है। हालंकि, इसका श्रेय बीजेपी और कांग्रेस दोनों लेना चाहती है। कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने जातीय गणना की बात की थी। कर्नाटक में कांग्रेस को इससे फायदा भी हुआ था। यही कारण है कि अब मध्यप्रदेश में यह मामला मुद्दा बनता दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश में देखा जाए तो आदिवासी और दलित वोट कांग्रेस को मिलता रहा है। लेकिन ओबीसी का वर्ग भाजपा के साथ खड़ा रहा है। अब तक मध्य प्रदेश में भाजपा के चेहरे रहे बाबूलाल गौर, उमा भारती और अब शिवराज सिंह चौहान ओबीसी वर्ग से ही आते हैं। मध्यप्रदेश में 2018 में कांग्रेस ने सामान्य सीटों पर 40 फ़ीसदी उम्मीदवार ओबीसी उतारे थे जबकि बीजेपी ने 39 फ़ीसदी उम्मीदवारों को उतारा था। मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना, सतना, रीवा और सिंगरौली ऐसे जिले हैं जहां ओबीसी आबादी सबसे ज्यादा है। ओबीसी का 61 सीटों पर सीधा असर रहता है जिनमें से 40 पर भाजपा का कब्जा है वही 19 सीटें कांग्रेस की झोली में है।





## दलितों व आदिवासियों पर भी नजर

मध्यप्रदेश में दलितों को लेकर राजनीति जबरदस्त तरीके से जारी है। केंद्र में संत रविदास भी है। दलितों के लिए कवि संत रविदास भगवान का दर्जा रखते है। हाल में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर जिले में संत रविदास के 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मंदिर सह स्मारक के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था। अब यही कारण है कि कांग्रेस ने दलितों को साधने के लिए संत रविदास के नाम पर कॉलेज बनाने की घोषणा की। कांग्रेस ने तो यह भी कह दिया कि बीजेपी मध्यप्रदेश में रविदास मंदिर बनाने का वादा करती है और दिल्ली में 2019 में संत रविदास जी का मंदिर बुलडोजर लगाकर तोड़ देती है। कुल मिलाकर देखें तो रविदास के बहाने दोनों राजनीतिक दलों के लिए केंद्र में दलित मतदाता है। देश में मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा दलित और आदिवासी वोटर हैं। यहां सबसे ज्यादा आरक्षित सीटें हैं। 84 विधानसभा सीटें आदिवासी बाहुल्य हैं। यहीं कारण है कि कांग्रेस उन्हें साधने में जुटी हुई हैं।



## मप्र में दिल्ली व पंजाब जैसे काम होंगे : केजरीवाल

जबलपुर आम आदमी पार्टी मध्य भारत में भी राजनीतिक जमीन तलाश रही है। छत्तीसगढ़ के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मध्य प्रदेश पहुंचे। सतना में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के बहाने उन्होंने चुनावी संभावनाएं टटोलीं। केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ विंध्य- महाकोशल अंचल के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। मतदाताओं को लुभाने के लिए बिजली की दरों में राहत देने की बात कही। केजरीवाल ने शिक्षा,चिकित्सा और अन्य क्षेत्र में परिवर्तन लाने की लोकलुभावन बातें कहीं। वादा किया कि मध्य प्रदेश की जनता ने उन्हें मौका दिया तो वह दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर लोकहितकारी योजनाओं को धरातल पर उतारेंगे। उन्होंने यह विश्वास दिलाने का प्रयास किया कि उनकी पार्टी में कोई नेता नहीं बल्कि सभी कार्यकर्ता हैं। वह बोले, 75 वर्षों में देश में एक भी पार्टी ऐसी नहीं आई, जिसने चुनाव के पहले कहा हो कि हम आपके बच्चों के लिए स्कूल, इलाज के लिए अस्पताल बना देंगे। केजरीवाल ने कहा कि जो काम दिल्ली और पंजाब में किया है अब मप्र में करेंगे। आप ने सात सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। इनमें से तीन विंध्य क्षेत्र के हैं। रीवा की सिरमौर सीट से सेवानिवृत्त डीएसपी वीडी पांडेय, रामपुर बघेलान से पंकज पटेल तथा रैगांव विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार बाघरी को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है।



## भाजपा ने मेरा नाम भी बदल दिया : ममता

ममता बनर्जी ने दावा किया कि वह भाजपा को लेकर चिंतित नहीं हैं और वह ये सुनिश्चित करेंगी कि कोई धर्म अन्य धर्म के साथ लड़ाई झगड़ा ना करे। ममता बनर्जी ने कहा कि रमजान के महीने में मैंने रोजा रखा तो उन्होंने मेरी तस्वीर का मजाक उड़ाया। भाजपा ने मेरा नाम भी बदल दिया लेकिन मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ममता बनर्जी ने बंगाल में दंगों के बारे में बात करते हुए कहा कि हिंदू, दंगे शुरू नहीं करते हैं और अल्पसंख्यक भी दंगे नहीं करते हैं। लेकिन वह (बीजेपी) गेरुए रंग का इस्तेमाल कर दंगे करते हैं। बंगाल सीएम ने कहा कि वह भाजपा को राज्य में एनआरसी लागू नहीं करने देंगी वह एंजेसियों से नहीं डरती हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार ने इमामों और हिंदू पुजारियों के मासिक भत्ते में 500 रुपये की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने इसका एलान किया। पश्चिम बंगाल सरकार के इस एलान के बाद अब बंगाल में इमामों को मासिक भत्ते के रूप में 3000 रुपये और मुअज्जिनों को 1500 और पुरोहितों को भी 1500 रुपये मिलेंगे।



## बंगाल में राजनीति मंच सजा, टीएमसी व भाजपा ने शुरू की तैयारी

पश्चिम बंगाल में भाजपा व टीएमसी में एक दूसरे को पछाड़ने की होड़ लगी है। जहां बीजेपी टीएमसी पर तुष्टिकरण करने का आरोप लगाती है तो वहीं टीएसी ने कह रही है भाजपा दंगा करवाती है। अपने को पाक साफ दिखाने के लिए ममता बनर्जी ने मौलवियों के साथ-साथ पुजारियों के भत्तों में बढ़ोत्तरी कर दी है। 24 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए दोनों दलों ने मतदाताओं अपनी ओर करने की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। पहले ममता बनर्जी ने कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में विभिन्न इमामों से मुलाकात की। इस दौरान ममता बनर्जी ने कहा कि धर्म को राजनीति के साथ नहीं मिलाना चाहिए।

## मप्र में सरकार बनी तो जाति जनगणना होगी : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पार्टी मध्य प्रदेश में जाति जनगणना कराएगी। वह एमपी के बुंदेलखंड क्षेत्र के सागर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में खड़गे का संबोधन कांग्रेस के लिए कई मायनों में महत्व रखता है। इसके अलावा खड़गे ने कहा कि मैं वादा करता हूं कि जब कांग्रेस सत्ता में आएगी तो किसानों को कर्ज से मुक्ति मिलेगी। एलपीजी गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा। महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह मिलेंगे। सरकारी कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। 100 यूनिट तक बिजली बिल माफ होगा। इसके साथ ही खड़गे ने आगामी मध्य प्रदेश चुनाव में पार्टी के सत्ता में आने पर संत रविदास के नाम पर एक कॉलेज बनाने की घोषणा की।



## सीएए लागू होगा और ममता बनर्जी रोक नहीं पाएंगी : सुकांत

पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने राज्य की मुख्यमंत्री और टीएमसी की मुखिया ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। सुकांत मजूमदार ने कहा कि आप (ममता बनर्जी) विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं लेकिन इंडिया आपके साथ नहीं है। देश प्रधानमंत्री मोदी के साथ है। दरअसल हाल ही में ममता बनर्जी ने अपने एक बयान में कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की विदाई तय है और पीएम मोदी के पास प्रधानमंत्री के रूप में सिर्फ छह महीने का वक्त बचा है। बंगाल के लोग आपके भ्रष्टाचार के बारे में जानती है और आने वाले समय में आपको सत्ता से बाहर करने के लिए वोट करेंगी।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# महंगाई पर सरकार को सजग होना पड़ेगा

**वित्त मंत्रालय ने चेतावनी देते हुए कहा कि आने वाले महीनों में महंगाई का दबाव बना रह सकता है ऐसे में केंद्र सरकार और आरबीआई को इसे लेकर बेहद सतर्क रहने की जरुरत है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने 22 अगस्त 2023 को जुलाई महीने के लिए मंथली इकोनॉमिक रिपोर्ट जारी की है जिसमें ये बातें कही गई है।**

*पिछले कुछ समय महंगाई से लोग परेशान हैं। जरूरत की लगभग सारी वस्तुएं आज आम लोगों की पहुंच से दूर हो गए है। दाल से लेकर टमाटर व तेल जैसी चीजें महंगी होती जा रही है। अब वित्तमंत्रालय की ओर ऐसी रिपोर्ट आ रही है कि अभी महंगाई और बढ़ेगी अब सरकार को सजग होना पड़गा ताकि आम आदमी को परेशानी न होने पाए। वित्त मंत्रालय ने चेतावनी देते हुए कहा कि आने वाले महीनों में महंगाई का दबाव बना रह सकता है ऐसे में केंद्र सरकार और आरबीआई को इसे लेकर बेहद सतर्क रहने की जरुरत है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने 22 अगस्त 2023 को जुलाई महीने के लिए मंथली इकोनॉमिक रिपोर्ट जारी की है जिसमें ये बातें कही गई है।*

*इस रिपोर्ट में अगस्त महीने में मानसून बारिश में कमी को लेकर भी चिंता जाहिर की गई है, वित्त मंत्रालय के इकोनॉमिक डिविजन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि घरेलू खपत, निवेश में तेजी के चलते आर्थिक विकास की गति बनी रहेगी, लेकिन वैश्विक और क्षेत्रीय अस्थिरता के साथ घरेलू स्तर पर सप्लाई में दिक्कतों के चलते महंगाई का दबाव बना रहेगा। रिपोर्ट में इसके मद्देनजर सरकार और आरबीआई को बेहद चौंकन्ना रहने को कहा गया है। वैश्विक अस्थिरता के बावजूद निजी क्षेत्र की मजबूत बैलेंसशीट, कैपिटल एक्सपेंडिचर पर सरकार का जोर और बढ़ते निजी निवेश के चलते घरेलू आर्थिक गतिविधि में तेजी बनी हुई है। लेकिन वैश्विक व्यवधान के साथ ही घरेलू कारणों के चलते महंगाई बढ़ने का खतरा है जो देश के मैक्रोइकोनॉमिक स्थिरता के सामने चुनौती पैदा कर सकता है, रिपोर्ट के मुताबिक ग्लोबल मोर्चे पर एफएओ फूड प्राइस के लेटेस्ट इंडेक्स के मुताबिक जुलाई महीने में खाद्य महंगाई में बढ़ोतरी देखने को मिली है जिसमें अप्रैल 2022 के बाद से गिरावट देखी जा रही थी। सनफ्लावर, पाम, सोया और रेपसीड ऑयल जैसे वेजिटेबल ऑयल, चावल गेहूं जैसे अनाज के कीमतों में उछाल देखने को मिला है. वैश्विक अस्थिरता और ब्लैक सी ग्रेन पैक्ट के खत्म होने के बाद गेहूं और सनफ्लावर ऑयल की सप्लाई में दिक्कतें पैदा हुई है। कनाडा और अमेरिका में लगातार सूखे की स्थिति के चलते गेहूं की पैदावार प्रभावित हुई है, तो मलेशिया में पाम ऑयल के प्रोडक्शन में गिरावट और अमेरिका कनाडा में सोयाबीन और रेप सीड के प्रोडक्शन आउटलुक को लेकर चिंता के चलते वेजिटेबल ऑयल की कीमतें बढ़ी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक व्यवधान का असर साफतौर पर भारत में महंगाई दर के आंकड़ों पर देखा जा रहा है।*

( इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं )

# वादों की थाली, मगर झोली खाली

उमेश चतुर्वेदी

हाल में चुनाव सुधार की दिशा में जितने भी कदम उठे हैं, उनमें विधायिका या कार्यपालिका की भूमिका कम या न के बराबर है। सबसे ज्यादा भूमिका या तो सर्वोच्च न्यायालय की रही है या फिर चुनाव आयोग की। तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों की रणभेरी बजने ही वाली है। इन चुनावों में वादों की बाढ़ आना स्वाभाविक है। साल 2015 में चुनाव आयोग ने अपनी चुनावी गाइड लाइन में कहा था कि राजनीतिक दल चुनावी मैदान में उतरते वक्त मतदाताओं से जो वादे करते हैं, तो उन्हें यह भी बताना होगा कि किस स्रोत से सत्ता में आने के बाद उसे पूरा करेंगे। अब चुनाव आयोग से यह उम्मीद की जा सकती है कि अपने इस दिशा-निर्देश को कठोरता से पालन करने में कम से कम इस बार से शुरुआत कर सकता है।

साल 1990 में जब टीएन शेषन देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए तो उन्होंने तब तक के उपलब्ध चुनाव कानूनों की बुनियाद पर ही चुनाव सुधार की दिशा में तब तक असंभव समझे जाने वाले कदम उठाए। शेषन के कदमों के बाद पहली बार देश को अहसास हुआ कि चुनाव आयोग नामक कोई दमदार संस्था भी होती है, जो चाहे तो बंदूकों के दम पर बूथ लूटने वाले आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा सकती है। तभी पता चला कि चुनावी प्रशासन कितना कठोर और अनुशासनबद्ध हो सकता है। वैसे भारतीय चुनावी परिदृश्य में शेषन के उभार के पहले भी चुनाव सुधार के लिए न्यायमूर्ति तारकुंडे समिति और दिनेश गोस्वामी जैसी उच्च समितियां गठित हुईं। इन समितियों ने अपनी रिपोर्टें भी दीं। लेकिन चुनाव सुधार की दिशा में प्रभावी पहल नहीं हो पाई। शेषन के बाद अगर चुनाव सुधार में प्रभावी पहल दिखती भी है तो उसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की बड़ी भूमिका है। सुप्रीम कोर्ट ने इस दिशा में सबसे अहम फैसला साल 2002 में दिया, जिसके तहत संसदीय और विधानमंडल के चुनावों के उम्मीदवारों के लिए अतीत के आपराधिक मामलों, देनदारी, कर्ज, संपत्ति आदि की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया।

इसी कड़ी में सर्वोच्च अदालत का सबसे अहम फैसला 13 फरवरी, 2020 को आया, जिसमें उसने संविधान के अनुच्छेद 129 और 142 की शक्तियों का उपयोग करते हुए राजनीतिक दलों से विधानसभा और लोकसभा उम्मीदवारों के पूरे आपराधिक इतिहास को प्रकाशित करने का आदेश दिया।




इसके बाद चुनाव आयोग ने दिशा-निर्देश जारी किया। आयोग ने इसमें एक तथ्य और जोड़ दिया। सभी उम्मीदवारों और उनके परिवार की आर्थिक हैसियत को लेकर हलफनामा देना भी अनिवार्य कर दिया। बहरहाल, 2020 के फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि उम्मीदवारों के चयन का आधार उसकी योग्यता और उपलब्धियां होनी चाहिए, उसकी जीतने की संभावना नहीं। लेकिन दुर्भाग्यवश राजनीतिक दलों के लिए अब भी चुनावी उम्मीदवार के लिए सबसे पहली योग्यता उम्मीदवार के जीतने की संभावना ही ज्यादा है, उसकी योग्यता और उपलब्धियां नहीं। इन्हीं संदर्भों में चुनाव आयोग पर ही एक बार फिर प्रबुद्ध लोगों की निगाह है। जिस तरह वक्त और हैसियत से आगे निकलकर राजनीतिक दल जनता को सुविधाएं देने के लिए वादों का पिटारा खोल रहे हैं, उनके साइड इफेक्ट सामने आने लगे हैं। मुफ्त देने के वादे के साथ पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार तो आ गई, लेकिन अब उसके बोर्डों और निगमों को पैसे की कमी से जूझना पड़ रहा है। पंजाब राज्य परिवहन निगम का घाटा बढ़ता जा रहा है। राज्य बिजली बोर्ड को लेकर राज्य सरकार के दावे और हकीकत में अंतर है। यही हाल दिल्ली का भी है। दिल्ली परिवहन निगम करीब पैंतालीस हजार करोड़ के घाटे में है। यही हाल दिल्ली जल बोर्ड का है, जो सत्तर हजार करोड़ के घाटे में है। पंजाब में हर महिला को हजार रुपये देने का वादा अब तक पूरा नहीं हो पाया। इसी तरह पुरानी पेंशन योजना लागू करना भी कठिन हो गया है। जबकि पंजाब में ऐसा वादा सत्ताधारी दल ने चुनाव लड़ते वक्त किया था। हिमाचल में भी पुरानी पेंशन और महिलाओं को मासिक भत्ता देने का वादा करके कांग्रेस सत्ता में आई। लेकिन बढ़ते आर्थिक बोझ के चलते उसे भी इन वादों को लागू करना मुश्किल पड़ता जा रहा है। मई में कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पांच गारंटियों का वादा करके जीत गई। लेकिन अब गारंटी पूरा करना उसके लिए कठिन होता जा रहा है। सामान्य विकास के लिए धन की कमी पड़ती जा रही है।

इस बीच राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी वादों की झड़ी लग रही है। राजस्थान में भविष्य में कांग्रेस की ओर से युवाओं को लैपटाप मिलना है तो मध्य प्रदेश में महिलाओं को हजार रुपये महीना मिलने लगा है।

# दिल को भी दर्द दे रहा है माइक्रोप्लास्टिक

डॉ. शशांक द्विवेदी



जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए जब प्लास्टिक का आविष्कार हुआ था तब किसी ने सपने में नहीं सोचा होगा कि यही प्लास्टिक आज मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाएगा। सुबह उठने से लेकर रात में सोने तक के क्रम में प्लास्टिक हमारे जीवन का अभिन्न अंग हो गया है लेकिन अब यही प्लास्टिक, माइक्रोप्लास्टिक बनकर हमारे शरीर में घुलकर जहर का काम कर रहा है। प्रदूषण के कारण शरीर में माइक्रोप्लास्टिक के कण मिलने के प्रमाण तो पहले सामने आ चुके हैं, लेकिन अब यह खतरा दिल तक पहुंच गया है।

पिछले दिनों अमेरिका में सर्जरी के पहले और बाद में लिए गए दिल के ऊतकों यानी टिश्यू के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक के कण मिलने की पुष्टि हुई है। शोधकर्ताओं ने 15 लोगों के दिल की सर्जरी के पहले और बाद में टिश्यू के नमूने लिए थे। ज्यादातर नमूनों में हजारों माइक्रोप्लास्टिक के कण पाए गए। प्लास्टिक के प्रकार व कणों की संख्या मरीजों में अलग-अलग रही। शोधकर्ताओं ने कहा कि किसी के दिल पर माइक्रोप्लास्टिक कणों से पड़ने वाले प्रभाव को समझने के लिए अभी व्यापक शोध की जरूरत है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि दिल तक माइक्रोप्लास्टिक का पहुंचना चिंताजनक है। टिकाऊ होना प्लास्टिक की खूबी थी, लेकिन अब वही इससे खतरे का कारण बन गया है। प्लास्टिक नष्ट नहीं होता है। लंबे समय तक मिट्टी या पानी में पड़े रहने पर भी प्लास्टिक गलता नहीं है। इस कारण प्लास्टिक कचरा संकट बनता जा रहा है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों में फेंके जाने वाले प्लास्टिक कचरे के कारण पानी के माध्यम से लोगों के शरीर में माइक्रोप्लास्टिक के कण पहुंचने लगे हैं। साथ ही हवा के रास्ते भी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक पहुंचने लगे हैं। शरीर में माइक्रोप्लास्टिक के कण कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। खून में और पेट में माइक्रोप्लास्टिक के कण मिलने की बातें आम हो गई हैं।

यूरोपीय केमिकल एजेंसी के अनुसार, माइक्रोप्लास्टिक्स 5 मिमी से कम लंबाई के किसी भी तरह के प्लास्टिक के टुकड़े हैं। वे ब्यूटी प्रोडक्ट, कपड़े, खाद्य पैकेजिंग और इंडस्ट्रियल प्रोसेस सहित अनेक तरीकों से नेचुरल इकोसिस्टम में प्रवेश करके प्रदूषण और बीमारी का कारण बनते हैं। माइक्रोप्लास्टिक्स के दो टाइप हैं, प्राइमरी माइक्रोप्लास्टिक्स में कोई भी प्लास्टिक के टुकड़े या कण शामिल होते हैं जो पर्यावरण में प्रवेश करने से पहले ही 5.0 मिमी या उससे कम आकार के होते हैं। इनमें कपड़ों के माइक्रोफाइबर, माइक्रोबीड्स और प्लास्टिक पैलेट्स (जिन्हें नर्डल्स भी कहा जाता है) शामिल हैं। पर्यावरण में प्रवेश करने के बाद नेचुरल गैदरिंग के माध्यम से बड़े प्लास्टिक उत्पादों के टूटने से दूसरे माइक्रोप्लास्टिक्स उत्पन्न होते हैं। सेकेंडरी माइक्रोप्लास्टिक्स के सोर्सेज में पानी और सोडा की बोतलें, मछली पकड़ने के जाल, प्लास्टिक बैग, माइक्रोवेव कंटेनर, टी बैग और टायर शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, हर वर्ष दुनियाभर में 500 अरब प्लास्टिक बैग उपयोग होते हैं, जो सभी प्रकार के अपशिष्टों का 10 प्रतिशत है। हमारे देश में प्रतिदिन 15000 टन प्लास्टिक अपशिष्ट निकलता है, जिसकी मात्रा निरंतर बढ़ती जा रही है। प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि पूरे विश्व में इतना प्लास्टिक हो गया है कि इस प्लास्टिक से पृथ्वी को पांच बार लपेटा जा सकता है। समुद्र में करीब 80 लाख टन प्लास्टिक बहा दिया जाता है, जिसका अर्थ है कि प्रति मिनट एक ट्रक कचरा समुद्र में डाला जा रहा है। यह स्थिति पृथ्वी के वातावरण के लिए बेहद हानिकारक हो सकती है क्योंकि प्लास्टिक को अपघटित होने में 450 से 1000 वर्ष लग जाते हैं। सुबह उठकर ब्रश करने से लेकर दिनभर के कई कामों में हम तरह-तरह से प्लास्टिक इस्तेमाल करते हैं। सब्जियों की थैली से लेकर फूड्स पैक करने के लिए प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही पानी पीने की बोतल, कॉफी-चाय कप, प्लास्टिक फेस मास्क, टी बैग्स, वेट टिश्यू, वाशिंग पाउडर, घर में रंगने के लिए इस्तेमाल होने वाले कलर और कई कॉस्मेटिक प्रोडक्ट में भी प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जाता है। इन सब में ऐसा माइक्रोप्लास्टिक होता है जो आपके दिमाग तक भी पहुंच जाता है।

प्लास्टिक से हमारे शरीर को कई नुकसान होते हैं, रेड ब्लड सेल्स के बाहरी हिस्से से चिपक जाते हैं और ऑक्सीजन फ्लो को पूरी तरह बाधित कर सकते हैं, जिससे शरीर के टिश्यू में ऑक्सीजन में कमी आ सकती है। इसके अलावा इससे इम्यून सिस्टम पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। यह धीरे-धीरे आपके शरीर को कमजोर बना सकता है और आपकी प्रोडक्टिविटी प्रभावित होती है। यह गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए भी हानिकारक हो सकता है। इसके अलावा यह फेफड़ों, हार्ट, ब्रेन, डाइजेस्टिव सिस्टम को प्रभावित करता है। माइक्रो और नेनो प्लास्टिक मानव शरीर की संरचना पर असर डाल सकते हैं। जनरल एनवायरनमेंट इंटरनेशनल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 80 प्रतिशत व्यक्तियों के खून में माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है। रिपोर्ट में एक और बात सामने आई है कि मानव शरीर में माइक्रोप्लास्टिक घूम सकता है और शरीर के कई महत्वपूर्ण हिस्सों को नुकसान पहुंचा सकता है। जिसका सीधा असर दिमाग पर पड़ता है। वैज्ञानिकों ने इस बात पर चिंता जताई है कि अगर स्थिति यही रहती है तो यह ह्यूमन बॉडी सेल्स को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# घर पर बनाएं पनीर स्टफ्ड बेसन का चीला



हेल्दी ब्रेकफास्ट पर तो हमने कई बार बात की है, लेकिन जब बात लंच या डिनर की आती है, तो बस यही सुनने को मिलता है कि डिनर एकदम लाइट करो। लेकिन वजन कम करने के प्रोसेस में डाइट और एक्सरसाइज दोनों का रोल बहुत खास होता है और एक्सरसाइज के बाद तो जमकर भूख लगती है। ऐसे में कम खाने से आपको फिर से भूख लग सकती है और तब कुछ ऑप्शन न समझ आने पर चिप्स, बिस्किट्स या ऐसे ही अनहेल्दी स्नैक्स खाकर इस भूख को मिटाने की कोशिश करते हैं, जो सही नहीं। तो आप पनीर स्टफ्ड बेसन चीला लंच या डिनर में शामिल कर सकती हैं। जिसे खाने से भूख नहीं लगेगी, जो वजन घटाने में मदद कर सकता है।



## सामग्री

बेसन, नमक, लाल मिर्च पाउडर, हींग, अदरक, धनिया पत्ती, प्याज, जीरा पाउडर, पनीर, हरी मिर्च, तेल, शेजॉवान सॉस, धनिया-पुदीना की चटनी।

## विधि

एक बाउल में बेसन, नमक, लाल मिर्च, हींग, अदरक, धनिया पत्ती डालकर सूखा मिक्स कर लें। फिर इसमें धीरे-धीरे पानी डालते हुए घोल बना लें। ध्यान दें ये घोल न बहुत गाढ़ा होना चाहिए न ही बहुत ज्यादा पतला। अब पैन गरम होने के लिए रख दें। जैसे ही ये गरम हो जाए इसमें मक्खन, घी या तेल डालें। कटे प्याज डालकर भूनें। इसके साथ ही इसमें कटी हरी मिर्च, कटी शिमला मिर्च, टमाटर डालकर सॉफ्ट होने तक भूनें। इसके बाद इसमें लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, नमक, छोटे- छोटे क्यूब्स में कटा पनीर, धनिया पत्ती डालें। स्टफिंग की सामग्री तैयार है। अब नॉन स्टिक पैन गरम करें। इस पर बेसन वाला घोल डालकर अच्छी तरह फैला दें। दोनों तरफ से इसे सेंक लें। इसके ऊपर सबसे पहले शेजवान सॉस और हरी चटनी लगाएं और फिर ये स्टफिंग डालें। रोल करते हुए चीले को थोड़ा और सेंक लें। तैयार है हेल्दी बेसन पनीर चीला।

# बाबा घनौश

## हर कोई करेगा आपकी रेसिपी की तारीफ

अगर आप हाउस पार्टी प्लान कर रहे हैं और अपने गेस्ट को कुछ अलग खिलाना चाहते हैं, तो ट्राई करें कोई नई और टेस्टी डिश। इसमें आपकी मदद करने के लिए हम लेकर आए हैं एक रेसिपी, जो स्योर जीत लेगी सबका दिल। पार्टी में चार चांद लगाने वाली मध्य एशिया की यह डिश टेस्टी होने के साथ ही हेल्दी भी है। मतलब आप घर आए मेहमान सेहत की फिक्र किए बिना इसका लुत्फ उठा सकते हैं। जब पार्टी स्टार्टर या हेल्दी डिप्स की बात आती है, तो मिडिल ईस्टर्न डिप्स हमेशा ही सबके फेवरेट होते हैं। फिर चाहे वो हम्मस हो, मुहम्मरा हो या बाबा गनोश। जैसे हम बैंगन का भर्ता बनाने के लिए बैंगन को भूनते हैं, इसके लिए भी गोल बैंगन को भूनना पड़ता है। इस डिप को पिज्जा ब्रेड या खीरा, गाजर जैसी सब्जियों के साथ सर्व कर सकते हैं।

## सामग्री

बैंगन, तेल, पिसी धनिया, पिसा मिर्च, भुना हुआ जीरा, हल्दी, छोला, लहसुन और सफेद तिल का पेस्ट।



## विधि

सबसे पहले भर्ते वाला गोल बैंगन को गैस की आंच, बार्बेक्यू, चारकोल या चूल्हे पर भून लें, जिससे इसकी बाहरी त्वचा जल जाए और यह मुलायम हो जाए। अब इसे एक बर्तन में ढककर 10 मिनट के लिए अलग रख दें। अब एक पैन में थोड़ा तेल डालें। फिर इसमें आधा टीस्पून पिसी धनिया, पिसी मिर्च, भुना हुआ जीरा और चुटकी भर हल्दी डाल दें। अब इस तेल में उबले हुए थोड़े छोले डाल देंगे। आखिरी में इसमें स्वादानुसार नमक डाल देंगे। फ्राइड छोले ऑप्शनल हैं, चाहें तो इसे इस्तेमाल करें या नहीं, ये आपके ऊपर है। अब बैंगन का छिलका निकाल लें और इसे अच्छी तरह से चॉप कर लें। इस दौरान बैंगन में बारीक कटा हुआ लहसुन मिलाकर फिर से इसे चॉप करें। अब बैंगन में दो टेबल स्पून ताहिनी पेस्ट (सफेद तिल का पेस्ट) डालें। फिर इसमें दो टेबलस्पून सुखाया गया दही (हंग कर्ड) डाल दें। अब इसमें आधा नींबू का रस और स्वादानुसार नमक डाल दें। आप चाहें तो इसे थोड़ा चटपटा बनाने के लिए हरी मिर्च भी डाल दें और फिर अच्छे से मिला दें। बस तैयार हो गया आपका बाबा गनोश। प्लेन प्लेट में बाबा गनोश को डालकर इसके ऊपर थोड़ा सा ऑलिव ऑयल, हल्का सा लाल मिर्च पाउडर और मसालेदार छोले, हरा धनिया और महीन कटी हुई लाल शिमला मिर्च डालकर सर्व करें और बेहतरीन स्वाद का मजा लें।

# हंसना मना है

मम्मी (अपने बेटे से गुस्से में): नालायक कहीं का, तू बाल क्यूं नहीं कटवाता?
लड़का: क्या दिक्कत है मां, ये आजकल का फैशन है, मम्मी: (गुस्से में तमतमाते हुए) आग लगे इस फैशन को, लड़के वाले तेरी बहन को देखने आये थे तुझे पसंद करके चले गए।

लड़की: इस ड्रेस की क्या कीमत है?
दुकानदार: सिर्फ 5 किस? लड़की: और इस ड्रेस की? दुकानदार: मात्र 10 किस? लड़की: तो दोनों ड्रेस पैक कर दो, बिल दादी देगी?

दूल्हा : पंडितजी! पत्नी को दांयी तरफ बैठाना है या बांयी तरफ? पंडित: देख लो, जैसा ठीक लगे बाद में तो सर पर ही बैठेगी!

# कहानी

## विद्वत्ता पर कभी घमंड न करें

महाकवि कालिदास रास्ते में थे। प्यास लगी। वहां एक पनिहारिन पानी भर रही थी। कालिदास बोले: माते! पानी पिला दीजिए बड़ा पुण्य होगा। पनिहारिन बोली: बेटा मैं तुम्हें जानती नहीं। अपना परिचय दो। मैं पानी पिला दूंगी। कालिदास ने कहा: मैं मेहमान हूं, कृपया पानी पिला दें। पनिहारिन बोली: तुम मेहमान कैसे हो सकते हो? संसार में दो ही मेहमान हैं। पहला धन और दूसरा यौवन। इन्हें जाने में समय नहीं लगता। सत्य बताओ कौन हो तुम? तर्क से पराजित कालीदास अवाक रह गए। कालिदास बोले: मैं सहनशील हूं। अब आप पानी पिला दें। पनिहारिन ने कहा: नहीं, सहनशील तो दो ही हैं। पहली, धरती जो पापी-पुण्यात्मा सबका बोझ सहती है। उसकी छाती चीरकर बीज बो देने से भी अनाज के भंडार देती है, दूसरे पेड़ जिनको पत्थर मारो फिर भी मीठे फल देते हैं। तुम सहनशील नहीं। सच बताओ तुम कौन हो? कालिदास मूर्छा की स्थिति में आ गए और तर्क-वितर्क से झल्ला उठे! कालिदास बोले: मैं हठी हूं। पनिहारिन बोली: फिर असत्य। हठी तो दो ही हैं। पहला नख और दूसरे केश, कितना भी काटो बार-बार निकल आते हैं। सत्य कहें कौन हैं आप? कालिदास अपमानित और पराजित हो चुके थे कालिदास ने कहा: फिर तो मैं मूर्ख ही हूं। पनिहारिन ने कहा: नहीं तुम मूर्ख कैसे हो सकते हो। मूर्ख दो ही हैं। पहला राजा जो बिना योग्यता के भी सब पर शासन करता है, और दूसरा दरबारी पंडित जो राजा को प्रसन्न करने के लिए ग़लत बात पर भी तर्क करके उसको सही सिद्ध करने की चेष्टा करता है। कुछ बोल न सकने की स्थिति में कालिदास वृद्धा पनिहारिन के पैर पर गिर पड़े और पानी की याचना में गिड़गिड़ाने लगे! वृद्धा ने कहा: उठो वत्स! आवाज़ सुनकर कालिदास ने ऊपर देखा तो साक्षात माता सरस्वती वहां खड़ी थी, कालिदास पुन: नतमस्तक हो गए मां ने कहा: शिक्षा से ज्ञान आता है न कि अहंकार से। तूने शिक्षा के बल पर प्राप्त मान और प्रतिष्ठा को ही अपनी उपलब्धि मान लिया और अहंकार कर बैठे इसलिए मुझे तुम्हारे चक्षु खोलने के लिए ये स्वांग करना पड़ा। कालिदास को अपनी गलती समझ में आ गई और भरपेट पानी पीकर वे आगे चल पड़े। विद्वत्ता पर कभी घमंड न करें। घमंड विद्वत्ता को नष्ट कर देता है। दो चीजों को कभी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए।

# 7 अंतर खोजें



# जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**: प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**वृषभ**: आय में निश्चितता रहेगी। समय शीघ्र सुधरेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बेवजह कहासुनी हो सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकते हैं।

**मिथुन**: यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी दूसरे व्यक्ति के काम में हस्तक्षेप न करें। विवाद होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**कर्क**: भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**सिंह**: नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देगा।

**कन्या**: कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। बेकार बातों पर बिलकुल ध्यान न दें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला**: नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक**: तत्काल लाभ नहीं होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके कार्यों में गति आएगी। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है।

**धनु**: कारोबार में वृद्धि होगी। आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। विवेक का प्रयोग करें।

**मकर**: आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ**: व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन**: आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। चारों तरफ से सफलता मिलेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। उत्साह बना रहेगा। चिंता तथा तनाव कम होंगे।

# आलिया भट्ट संग काम करने की अफवाहों पर करीना ने तोड़ी चुप्पी

करीना कपूर अपने अभिनय के साथ साथ अपनी गॉसिपिंग को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। पिछले दिनों करीना और आलिया की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही थी, जिसके बाद कयास भी लगाए जा रहे थे कि दोनों किसी फिल्म के लिए साथ आने वाली हैं। अब करीना कपूर ने इस विषय पर चुप्पी तोड़ी है और पीछे की सच्चाई का खुलासा भी किया है।

हाल के दिनों में करीना कपूर खान और आलिया भट्ट के बीच साथ काम करने को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। यह अफवाहें तब उड़ीं, जब आलिया ने करीना के साथ शानदार तस्वीरें साझा कीं और मजाक में सुझाव दिया कि किसी को उन्हें एक फिल्म में एक साथ लेना चाहिए। अब करीना कपूर ने इसके पीछे की सच्चाई का खुलासा किया है।


हाल ही में, एक इंटरव्यू में करीना से उनकी और आलिया की वायरल तस्वीरों के बारे में सवाल किया गया और पूछा गया कि क्या वह दोनों साथ में किसी फिल्म में काम करने वाली हैं। इसपर अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा कि अगर कोई निर्देशक उनके लिए एक अच्छी स्क्रिप्ट पेश करता है तो वह आलिया के साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे पता है कि यहां बहुत सारे महान निर्देशक हैं, जिनके पास एक बेहतरीन स्क्रिप्ट है। मुझे लगता है कि आजकल फिल्मों में अधिक महत्व विषय-वस्तु और स्क्रिप्ट की हो गई है। इसलिए जिसके पास भी अच्छी स्क्रिप्ट है वे हमें अप्रोच कर सकते हैं। मुझे आलिया के साथ काम कर के वाकई में काफी अच्छा लगेगा।' इसी कार्यक्रम में करीना ने फिल्म 'गदर 2' और बॉक्स ऑफिस पर इसकी हालिया सफलता पर भी चर्चा की। उन्होंने सनी देओल और पूरी टीम के लिए अपनी खुशी व्यक्त की और शुभकामनाएं दीं। हालांकि, अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि उन्होंने अभी तक फिल्म नहीं देखी है।



बॉलीवुड | रिलीज

## यारियां-2 में दिव्या खोसला ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें



जनवरी 2014 में रिलीज हुई फिल्म यारियां का मोस्ट अवेटेड सीक्वल रिलीज होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट के साथ ही मेन स्टार कास्ट का भी खुलासा हो चुका है। पहली फिक्रर में जहां रकुल प्रीत सिंह और हिमांश कोहली लीड रोल में थे। इस बार मेन हीरोइन दिव्या खोसला होंगी जो कि फिल्म की प्रोड्यूसर भी हैं। कुछ दिनों पहले यारियां 2 का टीजर रिलीज हुआ था। अब फिल्म के पहले गाने का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यारियां 2 की लीड कास्ट में इस बार दिव्या खोसला के साथ ही मिजान जाफरी और पर्ल वी पुरी हैं। फिल्म इसी साल अक्टूबर में रिलीज होगी। टीजर अनाउंसमेंट के बाद से मेकर्स एक-एक कर फिल्म से जुड़े अपडेट्स शेयर कर रहे हैं। मंगलवार को मेकर्स ने सौरे घर गाने का टीजर रिलीज किया, जिसे देखने के बाद फैंस की फुल सॉन्ग के लिए गाने की शुरुआत दिव्या खोसला से होती है, जो दुल्हन के जोड़े में हैं। उनके चेहरे पर जरा भी खुशी नहीं है। इसके बाद मिजान जाफरी का लुक दिखाया जाता है, जो सिगरेट पीते नजर आते हैं। टीजर में पर्ल वी पुरी अपने रील लाइफ पेरेंट्स के साथ नजर आते हैं। सौरे घर वेडिंग स्पेशल सॉन्ग है। गाने के लिरिक्स कुछ इस तरह हैं- साड़ी बहन जेडी इतनी क्यूट है, आई डोंट नो वाइ क्यों बैठी म्यूट है। पूछो तो बोलती न कुछ भी किसी से, रिपीट करे एक बात। टीजर से ही फैंस में पूरे गाने के लिए उत्साह बढ़ गया है। किसी ने ब्यूटिफुल कहा, तो किसी ने लिखा की फिल्म के लिए इंतजार नहीं होता। बता दें कि सौरे घर पूरा गाना 27 अगस्त को रिलीज किया जाएगा। राधिका राव और विनय सपरु के निर्देशन में बनी यारियां 2 बस कुछ ही महीनों में रिलीज होने वाली है। फिल्म के पोस्टर रिलीज के साथ ही टैगलाइन रिवील की गई थी कजिन्स बाय ब्लड, फ्रेंड्स बाय च्वाइस। इस टैगलाइन से कहानी पहले पार्ट से काफी अलग होती लग रही है।

## फिल्म ओएमजी-2 की अनुपम खेर ने की प्रशंसा

बॉलीवुड | गपशप



अनुपम खेर ने रविवार को अपनी मां के साथ ओएमजी 2 देखी। उन्होंने कहा कि फिल्म में कुछ भी कॉन्ट्रोवर्शियल नहीं है। फिल्म और कलाकारों की प्रशंसा करते हुए खेर ने कहा, मुझे यह बहुत पसंद है, यह एक शानदार फिल्म है।

यह एक खूबसूरत फिल्म है, जिसमें एक अद्भुत सामाजिक संदेश है और यह आश्चर्यजनक रूप से मनोरंजक है। पंकज त्रिपाठी का काम बेहतरीन है, अक्षय कुमार शानदार हैं और पवन मल्होत्रा भी अच्छे हैं। खेर ने कहा, फिल्म का ट्रीटमेंट बहुत अच्छा है। फिल्म का निर्देशन करने वाले अमित राय ने अच्छा काम किया है। यहां तक कि मेरी मां को भी फिल्म पसंद आई। रिलीज से पहले ओएमजी-2 कॉन्ट्रोवर्सी में घिर गई थी, जिसके चलते सेंसर बोर्ड ने इसे ए सर्टिफिकेट दिया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें फिल्म में कुछ भी कॉन्ट्रोवर्शियल लगा तो खेर ने कहा, फिल्म में कुछ भी कॉन्ट्रोवर्शियल नहीं है, मुझे लगता है कि यह फिल्म आज के युवाओं और माता-पिता के लिए है। छोटे और बड़े शहर के लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण फिल्म है। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित है और इसे सहजता और मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। यह जागरूकता जैसा लगता है।

खेर ने कहा, मुझे लगता है कि जो दर्शक सिनेमाघरों में आ रहे हैं, वे सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि जागरूकता के लिए भी आ रहे हैं। ओएमजी 2 के लिए वर्ड ऑफ माउथ बहुत मजबूत है और मैं बहुत खुश हूं कि मैंने यह फिल्म थिएटर में देखी। अमित राय द्वारा निर्देशित फिल्म में अक्षय कुमार, यामी गौतम, पंकज त्रिपाठी, पवन मल्होत्रा और अरुण गोविल हैं। अनुपम खेर जल्द ही कंगना रनौत द्वारा निर्मित इमरजेंसी में नजर आएंगे, जिसमें वह भी मुख्य भूमिका में हैं।

## गधों की मौज! यहां पर पहनाई जा रही मालाएं और खिलाई जा रही मिठाई



भारत के कई इलाकों में बारिश ने तबाही मचा रखी है, तो कुछ इलाकों में लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में लोग बारिश के देवता इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। बारिश के लिए मंदिर में भगवान से प्राथना कर रहे हैं। अब इस बीच मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर लोग इंद्र देव को मनाने के लिए पूजा-पाठ कर रहे हैं। मंदसौर में एक पार्षद प्रतिनिधि ने एक अनोखा प्रयोग किया, जिनका नाम शैलेंद्र गिरी गोस्वामी है। उन्होंने 17 अगस्त की रात शमशान घाट में काल भैरव के समक्ष तांत्रिक क्रिया की। इसके साथ ही उन्होंने गधे की सवारी की और भगवान से मंदसौर जिले में अच्छी बारिश होने की प्रार्थना की। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि 19 अगस्त मंदसौर शहर समते पूरे आंचल में बरसात हुई। बारिश होने के बाद खुश पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र गिरी गोस्वामी ने रविवार को श्मशान घाट में तांत्रिक क्रिया के दौरान मौजूद गधों को फिर से खोजा। उन्होंने पशुपतिनाथ मंदिर के पास फिर से तांत्रिक क्रिया के तहत गंधों को हार-माला पहनाया और उन्हें सम्मानित किया। इसके अलावा गधों को सवा किलो गुलाब जामुन का भोग लगाया। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शैलेंद्र गिरी गोस्वामी का कहना है कि मंदसौर जिले से इंद्रदेव नाराज हो गए थे। उन्होंने कहा कि इंद्रदेव को मनाने के लिए हमने अपने पूर्वजों के परंपरागत तरीके का पालन किया और शमशान में गधों को ले जाकर पूजा अर्चना की। शमशान से चलकर गधे तीन दिन में अपने मालिक के घर पहुंचे और पूरे जिले में बारिश हुई है। जिले में बारिश होने के बाद नागरिक और किसानों में खुशी है। उनका कहना है कि बारिश में गधों की अहम भूमिका रही है। इसलिए उन्हें बुलाकर हमने गुलाब जामुन खिलाया और गधे के मालिकों का सम्मान किया।

अजब-गजब | इनकम टैक्स की रेड से बचने के लिए किया अजीब प्लान

# कब्रिस्तान में छापा मारकर लाशों से वसूला गया था करोड़ों का खजाना

कई लोग पैसों के लेन देन में हेराफेरी करते हैं। कई बार लोगों के पास ब्लैक मनी भी होता है। इनकम टैक्स विभाग ऐसे लोगों पर कार्यवाही करता है। कई बार इनकम टैक्स छापेमारी भी करता है। लेकिन क्या आपने सुना है कि इनकम टैक्स ने किसी कब्रिस्तान में छापेमारी की और वहां से विभाग को करोड़ों का खजाना मिला। सुनने में यह किसी फिल्मी कहानी जैसा लगेगा लेकिन यह सच है। ऐसा तमिलनाडु में हुआ था कुछ वर्ष पहले। यहां पर जो हुआ वो फिल्म की कहानी न होकर के सच में ऐसा देखने को मिला। पैसों की हेराफेरी से लेकर, कंप्यूटर से रिकॉर्ड हटा देना और पैसों को किसी डिलीवरी वैन में छुपाकर शहर में घुमाना व बाद में उसको कब्रिस्तान में छुपा देना, ताकि किसी को भी कोई भनक न लगे, यह सारी घटनाएं इस दौरान देखने को मिलीं।

दरअसल, साल 2019 में जनवरी के आखिरी हफ्ते में तमिलनाडु के मशहूर सर्वणा स्टोर, लोटस ग्रुप व जी स्कॉवयर के करीब 72 कार्यालयों पर आयकर विभाग ने छापा मारा था।



यह छापा चेन्नई व कोयंबटूर में मारा गया था। पैसे, हीरे व जेवरात छुपाने के लिए इन तीनों कंपनियों के मालिकों ने काफी कुछ सामान एक कब्रिस्तान में छिपा दिया था। 28 जनवरी को मारे गए छापे में इनकम टैक्स विभाग को ज्यादा कुछ नहीं मिला था। दरअसल, कंपनी के मालिकों को इनकम टैक्स के छापे के बारे में पहले ही सूचना मिल गई थी। ऐसे में तीनों कंपनियों के कर्मचारियों ने ज्यादातर पैसों, सोना व हीरों को एक एसयूवी में छुपाकर चेन्नई की सड़कों पर दौड़ाना शुरू कर दिया। इस गाड़ी में जो सामान था उसकी कुल कीमत 433 करोड़ रुपये के करीब थी।

आयकर अधिकारियों को छापा मारने के बाद यह सूचना मिली कि एक गाड़ी चेन्नई की सड़कों पर लगातार चक्कर मार रही है और इसमें काफी कालाधन व जेवरात हैं। इस गाड़ी को जब पुलिस की मदद से ढूंढ निकाला गया तो इसमें कुछ नहीं मिला। हालांकि सख्त पूछताछ के बाद एक कब्रिस्तान में कई सारे बोरे छुपाने की बात ड्राइवर ने बता दी।

इसके बाद आयकर अधिकारियों ने कब्रिस्तान में खुदाई शुरू कराई। खुदाई में आयकर अधिकारियों को करीब 25 करोड़ रुपये नगद, 12 किलो सोना और 626 कैरेट की हीरे बरामद किए। 28 जनवरी को शुरू हुआ ऑपरेशन 9 दिन बाद खत्म हुआ। इस ऑपरेशन के खत्म होने के बाद आयकर अधिकारी फिलहाल कंप्यूटर से डिलीट किए गए डाटा को वापस लेने के लिए आईटी प्रोफेशनल की मदद ली।

# 18 सालों में बीजेपी राज में सिर्फ घोटाले हुए: खरगे

## धरती, आसमान और नदी से लेकर पहाड़ तक में किया भ्रष्टाचार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

सागर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बीजेपी राज में 18 सालों में घोटालों से मध्य प्रदेश बहुत बदनाम हुआ। धरती से लेकर आसमान तक और नदी से लेकर पहाड़ तक को इन्होंने नहीं छोड़ा। इंसान से लेकर भगवान तक सबको धोखा दिया। कहीं आग में फाइल जल रही है तो महाकाल में तूफान ने इनकी कारस्तानी की पोल खोल दी। व्यापमं घोटाले के बारे में तो देश का बच्चा-बच्चा जान रहा है। ये घोटाला 2013 में प्रकाश में आया, 40 से ज़्यादा अभियुक्तों, गवाहों और जांचकर्ताओं की संदिग्ध मौत हुई। इसे छिपाने की कहानी ऐसी तिलस्मी है कि इस पर फिल्म बनेगी तो खूब चलेगी।

नर्मदाजी में अवैध खनन, पोषण आहार घोटाला, डंपर घोटाला, व्यापम घोटाला, डीमैट घोटाला, पुलिस भर्ती घोटाला, नर्सिंग कॉलेज घोटाला, पटवारी भरती घोटाला। धर्म के नाम पर भी घोटाला हुआ। मध्य प्रदेश के सागर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के चुनाव प्रचार का शंखनाद किया। उन्होंने मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में 40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार को जनता ने गिराया। अब मध्य प्रदेश की जनता भी यहां की 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार को हटाएगी। बुंदेलखंड के सागर के कजली वन मैदान में आयोजित जनसभा को खरगे के साथ ही मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने भी संबोधित किया। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी आरोप लगाया कि उन्हें चुनावों के वक्त ही संत रविदास जी याद आते हैं। कोई हजार करोड़ रुपये का मंदिर बनवाए तो हमें ऐतराज नहीं। नौ साल से मोदी सरकार हैं, शिवराज जी 18 साल से सरकार में है, रविदासजी अब क्यों याद आए? चुनाव आने वाला है। इन्हें रविदासजी की इतनी चिंता है तो दिल्ली में संत रविदास जी की यादों से जुड़े ऐतिहासिक मंदिर को क्यों गिरवा दिया? मध्य प्रदेश में हमारी सरकार बनेगी तो बुंदेलखंड क्षेत्र में संत रविदासजी की याद में विश्वविद्यालय बनेगा, जो देश भर में उनके विचारों की रोशनी बिखेरेगा।



### जनादेश का अपमान किया

खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जनादेश का अपमान किया है। 2018 में कर्नाटक में भाजपा हारी और हमारी गठबंधन की सरकार बनी। फिर आप लोगों ने मध्य प्रदेश में बीजेपी को हराया और कांग्रेस की सरकार बनी। दोनों राज्यों में हारने के बाद बीजेपी ने खेल शुरू किया। उनकी पिछली सरकार के काले कारनामे सामने आने लगे थे। सीबीआई, ईडी और सरकारी एजेंसियां लगा कर पहले जुलाई 2019 में कर्नाटक में चुनी हुई सरकार गिराकर चोर दरवाजे से अपनी सरकार बना ली। मार्च 2020 में कोरोना के दौरान मध्य प्रदेश में सरकार बनाई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों मध्य प्रदेश की सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया था। इस पर खरगे ने कहा कि अमित शाह ने 20 अगस्त को मध्य प्रदेश का 20 साल का रिपोर्ट कार्ड जारी करके बहुत कुछ कहा।

## रिपोर्ट कार्ड नहीं रेट कार्ड जारी करे सरकार : कमलनाथ



कमलनाथ ने भी जनसभा को संबोधित करते हुए शिवराज सरकार पर जमकर हमले बोले। उन्होंने कहा कि खरगे जी, आप हमारे मध्य प्रदेश की पावन भूमि पर पधारे हैं, परंतु दुर्भाग्य है कि ये प्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन है। भ्रष्टाचार में नंबर वन है। अत्याचार में नंबर वन है। दुर्भाग्य है कि हमारा मध्य प्रदेश अब घोटाला प्रदेश और भ्रष्टाचार प्रदेश बन चुका है। यहां आज भाजपा की पहचान प्रचार, भ्रष्टाचार और अत्याचार से है। इन्हें 18 वर्षों बाद अपनी रिपोर्ट देने की याद आई मैं कहता हूं कि रिपोर्ट कार्ड नहीं अपना रेट कार्ड जारी कर दो क्योंकि आज प्रदेश में यही तो हो रहा है पैसा दो और काम लो।

## सागर की धरती पर माफी मांगें खरगे व कमलनाथ : वीडी शर्मा



मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला बोला है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में सागर में अनुसूचित जाति के भाई धनप्रसाद की जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई थी। मुख्यमंत्री रहते कमलनाथ ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। उन्होंने पीड़ित के इलाज तक की चिंता नहीं की थी। इस कारण पीड़ित की मौत हो गई थी। शर्मा ने कहा आपका जमीर है तो सागर की धरती पर माथा टेककर माफी मांगनी चाहिए। शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मध्य प्रदेश में अल्पसंख्यक भाइयों ने दलितों को मल खिलाया था। तब आपका कोई नेता नहीं बोला। कमलनाथ के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मध्य प्रदेश की रिपोर्ट कार्ड को रेट लिस्ट बताने वाले बयान पर भी उन्होंने निशाना साधा। शर्मा ने कहा कि कमलनाथ का मध्य प्रदेश से कोई संबंध नहीं है। प्रदेश की गरीब जनता को लूटा है। इस वजह से इस तरह की भाषा का उपयोग कर रहे हैं। वे तो मध्य प्रदेश की जनता को लूटकर उद्योगपति बने हैं।

फोटो :4 पीएम



**नियुक्ति पत्र** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के माध्यम से कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 233 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# आज फिर पूरे प्रदेश में तेज बारिश के आसार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बादलों ने डेरा डाल रखा है। मंगलवार को सुबह से ही बरसात का दौर शुरू हो गया जो बुधवार को भी जारी रहा। हल्की से मध्यम बारिश तो कहीं-कहीं भारी बारिश रिकार्ड हुई। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश हो सकती है, जबकि तराई में भारी बारिश के आसार हैं। वहीं कुद जगहों पर वज्रपात के भी आसार हैं।

मंगलवार को हरदोई में 70 मिमी और अलीगढ़ में 65.4 मिमी बारिश रिकार्ड हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक, मानसून ट्रफ अमृतसर, करनाल, मेरठ, लखनऊ, गया, मालदा से होकर पूर्व की ओर असम होते हुए नागालैंड तक औसत समुद्र तल पर मौजूद है। मध्य प्रदेश के मध्य भागों पर चक्रवाती स्थितियां बनी हुई हैं। इस कारण 24 अगस्त तक प्रदेश में बारिश के आसार बने रहेंगे।

# अमिताभ ठाकुर ने राज्य सरकार से मांगा 10 करोड़ का मुआवजा

## » फर्जी मामले में फंसाने वाले अधिकारियों पर हो कार्रवाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने उन्हें आय से अधिक संपत्ति मामले में फर्जी फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार से 10 करोड़ रुपए का मुआवजा मांगा है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को भेजी गए अपनी शिकायत में अमिताभ ठाकुर ने कहा कि सतर्कता अधिष्ठान के तत्कालीन अफसरों ने जानबूझकर उच्चस्तरीय दबाव में उनके खिलाफ गलत रिपोर्ट भेजी थी, जिसमें उन्हें गलत ढंग से आय से अधिक संपत्ति का दोषी बता दिया था।

इस रिपोर्ट के आधार पर अमिताभ ठाकुर के खिलाफ थाना गोमती नगर लखनऊ में एफआईआर दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि इस मुकदमे में उन्हें और



उनके परिवार को पूरे 8 साल तक विजिलेंस छापा, लंबी पूछताछ सहित हर प्रकार की परेशानी, जलालत और प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि मामले में पहले ईओडब्ल्यू ने अंतिम रिपोर्ट लगाया जिसे पिछले दिनों लखनऊ कोर्ट द्वारा स्वीकार कर लिया गया, जिससे साफ हो जाता है कि उन्हें जानबूझकर पूरी तरह फर्जी तरीके से फसाया गया था। उन्होंने इन आरोपों की जांच करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने और उन्हें 10 करोड रुपए मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

# ऐतिहासिक चाल चलने के करीब प्रज्ञानानंद

## कार्लसन से पहली बाजी रही ड्रॉ, आज होगी खिताबी मुकाबले की दूसरी बाजी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बाकू (अजरबैजान)। भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के बीच चेस वर्ल्ड कप फाइनल की पहली बाजी ड्रॉ रही। 35 चालों के बाद दोनों ही खिलाड़ियों ने ड्रॉ पर मुकाबला खत्म करने पर सहमति व्यक्त की। अब आज दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरी बाजी खेली जाएगी। इस मैच को जीतने वाला खिलाड़ी चेस वर्ल्ड चैंपियन बन जाएगा। वहीं अगर यह भी ड्रॉ रहती है तो टाईब्रेकर से चैंपियन का फैसला होगा।


भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंद को पहले राउंड में बाई मिली। दूसरे दौर में 29 साल के फ्रांसी मैक्सिम लेगार्ड



और तीसरे में अनुभवी डेविड नवारा को हराया। अगले दौर में, प्रज्ञानानंद ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को टाईब्रेकर में हराया। दोनों ने चौथे दौर के मुकाबले में अपनी दोनों क्लासिकल खेलों को ड्रॉ किया था। पांचवें दौर में हंगेरियन फेरेंक बर्केस प्रग के खिलाफ थे लेकिन वे भारतीय खिलाड़ियों को टक्कर नहीं दे पाए। क्वार्टर फाइनल में, प्रग ने हमवतन अर्जुन एरगिस को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में 31 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी, विश्व नंबर 3 फैबियानो कार्वाना को हराकर 2002 में विश्वनाथन आनंद के बाद से फिडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए। इस फाइनल मुकाबले से पहले मैग्नस कार्लसन और आर प्रज्ञानानंद के बीच 19 बार मुकाबला हुआ था। क्लासिकल चेस में दोनों एक बार खेल चुके हैं और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। रैपिड/एग्जीबिशन खेलों में कार्लसन प्राग से 7-5 से आगे हैं। उनके बीच खेले गए बाकी रैपिड्स बराबरी पर समाप्त हुए हैं।

### फाइनल में पहुंचने की उम्मीद नहीं थी

प्रज्ञानानंद ने फाइनल में जगह बनाने के बाद कहा, "मुझे इस टूर्नामेंट में मैग्नस से खेलने की बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी क्योंकि मैं उससे केवल फाइनल में ही खेल सकता था और मुझे फाइनल में पहुंचने की उम्मीद नहीं थी। मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा और देखूंगा कि क्या होता है।" उन्होंने कहा, "कैंडीडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करके काफी अच्छा लग रहा है।"



# मिजोरम में दर्दनाक हादसा : निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरा, 17 मजदूरों की मौत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

आइजोल। मिजोरम में बुधवार (23 अगस्त) को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक निर्माणाधीन रेलवे पुल के गिरने से कम से कम 17 मजदूरों की मौत हो गई है। घटनास्थल पर कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका है। जहां घटना हुई है वह जगह राजधानी आइजोल से करीब 21 किलोमीटर दूर सुबह 10 बजे के करीब हुई। घटना के समय सभी मजदूर पुल का काम कर रहे थे।



एक पुलिस अधिकारी ने कहा, मलबे से अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। कई अन्य अभी भी लापता हैं। अधिकारियों ने कहा कि घटनास्थल पर कई लोगों के फंसे होने की आशंका है और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि पुल ढहने के समय उस जगह पर लगभग 35 से 40 वर्कर मौजूद थे। यह निर्माणाधीन रेलवे पुल मिजोरम के आइजोल से करीब 20 किलोमीटर दूर सैरांग इलाके में गिरा है।

एनएफ रेलवे के सीपीआरओ सब्यसाची डे ने बताया कि रेलवे अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल का दौरा करेंगे। मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने कहा कि दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। उन्होंने कहा, आइजोल के पास सायरांग में निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज आज ढह गया, जिसमें कम से कम 17 श्रमिकों की मौत हो गई. बचाव कार्य जारी है।

इस त्रासदी से बहुत दुखी और प्रभावित हूं. मैं सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर कहा। बचाव कार्यों में मदद के लिए बड़ी संख्या में सामने आए लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

### पीएम ने जताया दुख



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और दुर्घटना में मरने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये के मुआवजे की घोषणा की. प्रधानमंत्री ने कहा कि बचाव अभियान जारी है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दी जा रही है।

# प्रदीप शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एंटीलिया मामले में आरोपी मुंबई पुलिस के पूर्व अधिकारी और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को बड़ी राहत मिली है, आज इस मामले में हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने प्रदीप शर्मा को जमानत दी है, जस्टिस ए एस बोपन्ना और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने जमानत पर फैसला सुनाया है ।

इस मामले में एनआईए ने प्रदीप शर्मा की ज़मानत याचिका का विरोध किया था। वहीं, प्रदीप शर्मा की तरफ़ से वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि वह एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी हैं। उनकी पत्नी को सर्जरी की जरूरत है. एक बार फर्जी मुठभेड़ के लिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसमें उन्हें बरी कर दिया गया था। वकील का कहना है कि मामले में ट्रायल जल्द खत्म नहीं होगा इसलिए जमानत दी जानी चाहिए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 5 जून को प्रदीप शर्मा को 3 हफ्ते की अंतरिम जमानत दी थी।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ी लापरवाही, टला बड़ा हादसा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट पर आज उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही एयरलाइंस की दो फ्लाइटों को एक ही समय पर उड़ान और लैंडिंग की अनुमति मिल गई। हालांकि कंट्रोल रूम के समय रहते एक्शन लेने से बड़ा हादसा टल गया।

दिल्ली एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह विस्तारा एयरलाइंस की एक फ्लाइट को लैंड होने की एटीसी से अनुमति मिली थी, वहीं उसी समय विस्तारा की ही एक अन्य फ्लाइट को उड़ान भरने के लिए भी अनुमति मिल गई। समय रहते ही एटीसी द्वारा निर्देश दिया गया और जो फ्लाइट उड़ान भरने वाली थी उसका संचालन रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# तन, मन व धन से लोस चुनाव के लिए जुटें कार्यकर्ता : मायावती

## सर्वसमाज में जनाधार को बढ़ाने की कोशिश करें, बसपा की बैठक में की समीक्षा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने कार्यकर्ताओं से आगामी लोक सभा चुनाव में तन,मन व धन से जुटने को कहा है। पूर्व सीएम आज पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, प्रभारियों व अन्य जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर रही थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कैडर एवं छोटी-छोटी बैठकों के आधार पर गाँव-गाँव में मजबूत बनाने तथा सर्वसमाज में जनाधार को बढ़ाने की कोशिश करें। वहीं उन्होंने आमचुनाव में बीएसपी उम्मीदवार के चयन में खास सावधानी बरतने का भी निर्देश।

उन्होंने कहा कि बीएसपी को यूपी में गठबंधन करके लाभ के बजाय नुकसान ज्यादा उठाना पड़ा है, क्योंकि बीएसपी का वोट स्पष्ट तौर पर गठबंधन वाली दूसरी पार्टी को ट्रान्सफर हो जाता है किन्तु दूसरी पार्टियाँ अपना वोट बीएसपी उम्मीदवारों को ट्रान्सफर कराने की न सही नीयत रखती है और न ही क्षमता, जिससे अन्ततः पार्टी के लोगों का मनोबल प्रभावित होता है। इस कारण बीएसपी सत्ता व विपक्ष दोनों गठबंधनों से अलग व दूर रहती है।

फोटो: सुमित कुमार



सत्ताधारी भाजपा की संकीर्ण जातिवादी व साम्प्रदायिक राजनीति तथा द्वेषपूर्ण एवं अराजकता को प्रश्रय देने वाले कार्यकलापों आदि के कारण सभी लोगों का जीवन दुःखी व त्रस्त। इस कारण भाजपा अपना प्रभाव ही नहीं बल्कि अपना जनाधार भी लगातार खो रही है और यह प्रक्रिया आगे जारी रहने वाली है जिससे लोकसभा का चुनाव यूपी में एकतरफा न होकर काफी दिलचस्प व देश की राजनीति को नया करवट देने वाला साबित होगा। कांग्रेस पार्टी की तरह भाजपा की कथनी व करनी में जीन-आसमान का अन्तर तथा इनके राज में लोगों की आमदनी अठन्नी व खर्च रुपयों हो जाने के कारण कुछ मुट्ठीभर लोगों को छोड़कर बाकी सभी लोगों अर्थात् देश के बहुजन लोगों को परिवार का पालन पोषण की कठिन विपत्ति का सामना है, जिस सबका अगले लोकसभा आमचुनाव पर प्रभाव पड़ने से क्या कोई इन्कार कर सकता है।

### भाजपा सरकार से सभी त्रस्त हैं

### भतीजे को दिया आशीर्वाद

बैठक में मायावती ने भतीजे आकाश आनंद भी नजर आए। मायावती ने उनके कंधे पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बसपा सुप्रीमो द्वारा बीते दिनों कुछ अहम दिशा-निर्देश दिए गए थे। बैठक में इन दिशा-निर्देशों पर अमल की समीक्षा करेंगी। साथ ही, बदलते राजनीतिक हालात के मद्देनजर बसपा सुप्रीमो द्वारा कुछ दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

### बसपा सबको जोड़ती है

पूर्व सीएम ने कहा कि सत्ता व विपक्षी पार्टियों का अपना-अपना गठबधन केन्द्र की सत्ता में आनेके बाद आम लोगों को भूल जाते हैं। इनके वायदे व आश्वासन आदि सत्ता में बने रहने के दौरान खोखले ही साबित है। दोनों की नीतियों व कार्यशैली से देश के गरीबों, मजदूरों दलितों, पिछड़ों व धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों का के बार मेंकुद नहीं होता है। जबकि इन लोगों बहुजन समाज का हित व कम तथा इन्हें आपस में फिर से तोड़कर इनका अहित ज्यादा किया है। बीएसपी समाज को जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास करती है जबकि लोग उन्हें तोड़कर कमजोर करने की सकी में ही ज्यादातर व्यस्त रहते है। इसीलिए इनसे दूरी बेहतर है।

# अब स्पेशल स्टेटस को बदलने का इरादा नहीं : केंद्र

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद-370 मामले पर सुनवाई जारी**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बड़ा बयान दिया है कि केंद्र का उत्तर- पूर्वी राज्यों या किसी राज्य में लागू स्पेशल स्टेटस को छूने का कोई इरादा नहीं है। कोर्ट ने केंद्र के भरोसे को रिकॉर्ड पर लिया है, कोर्ट ने कहा कि वो किसी दूसरे क्षेत्र में नहीं जाएगा। कोर्ट ने अनुच्छेद 370 मामले में दाखिल अर्जी पर सुनवाई बंद की। एक अर्जी पर वकील मनीष तिवारी की दलीलों का केंद्र ने कड़ा विरोध करते हुए ये बात कही।



दरअसल, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के मामले में सुनवाई के 9वें दिन पांच जजों के संविधान पीठ के सामने एक अर्जी पर बहस करते हुए मनीष तिवारी ने कहा कि 370 का असर पूर्वोत्तर राज्यों को दिए गए स्पेशल स्टेटस पर भी पड़ेगा, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसका विरोध किया, कहा कि हमें इस मामले में बीच के अंतर को समझना होगा। हम यहां जम्मू-कश्मीर में लागू अस्थाई 370 विचार कर रहे हैं। यहां मुद्दा उत्तर- पूर्वी राज्यों में लागू स्पेशल स्टेटस का नहीं है.। हम भरोसा दिलाना चाहते हैं कि केंद्र का किसी भी उत्तर- पूर्वी राज्य या और किसी राज्य के स्पेशल स्टेटस को छूने का कोई इरादा नहीं है।

### केन्द्र के बयान से आशंकाएं दूर : चंद्रचूड़

इस पर सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा, हमें आशंकाओं में क्यों जाना चाहिए, जब केंद्र का ऐसा कोई इरादा नहीं है तो हमें इसकी आशंका क्यों होनी चाहिए। केंद्र सरकार के बयान से आशंकाएं दूर हो गई हैं। जस्टिस एसके कौल ने कहा- अनुच्छेद 370 अस्थायी, बेशक यह तर्क दिया गया है कि यह अस्थायी नहीं , लेकिन यह अस्थायी ही है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस अर्जी पर सुनवाई नहीं करेंगे। हम केंद्र के भरोसे को रिकॉर्ड पर लेंगे और सुनवाई को बंद करेंगे, हम आशंकाओं पर सुनवाई नहीं करेंगे और ना ही 370 के अलावा किसी दूसरे क्षेत्र में प्रवेश करेंगे।



दरअसल 370 पर सुनवाई के दौरान अरुणाचल प्रदेश के नेता पादी रिको की तरफ से बहस करते हुए वकील मनीष तिवारी ने कहा कि 370 को हटाने का असर पूर्वोत्तर के राज्यों में जारी विशेष प्रावधान 371 पर भी पड़ेगा।

मनीष तिवारी के इस बयान पर केन्द्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ऐतराज जताते हुए कहा कि पूर्वोत्तर राज्यो को मिले विशेष अधिकारों को छूने का कोई इरादा नहीं है. चीफ जस्टिस ने भी केन्द्र सरकार के बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने अपने बयान से आशंकाएं दूर कर दी है और अदालत को इस मामले में नहीं जाना है।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020** *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।